# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 19.8.23 | 4 | 1-4 |

# हकृवि में 7 दिवसीय एंटी रैगिंग सप्ताह कार्यक्रम संपन्न

## स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर रैगिंग न करने के लिए किया प्रेरित




*जागरुकता रैली में भाग लेते गुजवि हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनैस के विद्यार्थी।*

हिसार, 18 अगस्त (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में एंटी रैगिग सप्ताह कार्यक्रम सम्पन्न हो गया। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षण संस्थानों में रैगिंग के दुष्प्रभावों से मुक्त एक सुरक्षित व सम्मानजनक परिसर वातावरण को बढ़ावा देना रहा।

उधर कृषि महाविद्यालय के प्रांगण में भी एंटी रैगिंग कमेटी व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त सहयोग से छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाने और एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए आकर्षक गतिविधियों और सूचनात्मक सत्रों की एक श्रृंखला भी आयोजित की, जिसमें उपस्थित विद्यार्थियों व स्वयंसेवकों को रैगिंग न करने की शपथ दिलाई गई। इसके बाद कृषि महाविद्यालय के प्रांगण से लेकर प्रशासनिक खंड-फ्लैचर भवन, सभी कॉलेजों, प्रवेश द्वारों व रिहायशी क्षेत्रों से रैली भी निकाली गई, जिसे छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया।

इस 7 दिवसीय कार्यक्रम के तहत मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में निंबध लेखन, नारा लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय व मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी रचनात्मकता व लेखन कौशल का प्रदर्शन कर रैंगिन न करने के लिए प्रेरित किया।

मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने उपस्थित छात्रों व स्वयंसेवकों को संबोधित कर रैगिंग के गंभीर परिणामों व इससे होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला, ताकि छात्रों को रैगिंग से होने वाले भावनात्मक, मानसिक व शारीरिक नुक्सान से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रबंधन ऐसा वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां विद्यार्थियों को बिना किसी भय के अपनी शिक्षा प्राप्त करने का माहौल मिल सके।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 19.8.23 | 4 | 5-6 |

एंटी रैगिंग सप्ताह • विद्यार्थियों ने विवि कैंपस में रैली निकाली

# एचएयू में विद्यार्थियों को रैगिंग न करने की दिलाई गई शपथ



भास्कर न्यूज | हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में सात दिवसीय एंटी रैगिंग सप्ताह कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षण संस्थानों में रैगिंग के दुष्प्रभावों से मुक्त एक सुरक्षित व सम्मानजनक परिसर वातावरण को बढ़ावा देना रहा।

कृषि कॉलेज के प्रांगण में एंटी रैगिंग कमेटी व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त सहयोग से छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाने और एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए आकर्षक गतिविधियों और सूचनात्मक सत्रों की एक श्रृंखला भी आयोजित की। विद्यार्थियों व स्वयंसेवकों को रैगिंग न करने की शपथ दिलाई गई। कृषि महाविद्यालय के प्रांगण से लेकर प्रशासनिक खंड-फ्लैचर भवन, सभी कॉलेजों, प्रवेश द्वारों व रिहायशी क्षेत्रों से रैली भी निकाली गई। जिसे छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने रवाना किया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने उपस्थित छात्रों व स्वयंसेवकों को संबोधित कर रैगिंग के गंभीर परिणामों व इससे होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सह-छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, सह-छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुबोध अग्रवाल, राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह व डॉ. चंद्रशेखर डागर उपस्थित थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 19.8.23 | 4 | 7-8 |

## स्वयंसेवकों ने एंटी रैगिंग सप्ताह कार्यक्रम के तहत निकाली रैली



अपनी प्रविष्टियां प्रदर्शित करते पोस्टर व नारा लेखन प्रतियोगिताओं के प्रतिभागी। ● पीआरओ

जागरण संवाददाता, हिसार : हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में सात दिवसीय एंटी रैगिंग सप्ताह कार्यक्रम का समापन हुआ। उधर कृषि महाविद्यालय के प्रांगण में भी एंटी रैगिंग कमेटी व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त सहयोग से छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाने और एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए आकर्षक गतिविधियों और सूचनात्मक सत्रों की एक शृंखला आयोजित की। इसके बाद कृषि महाविद्यालय के प्रांगण से लेकर प्रशासनिक खंड-फ्लैचर भवन, सभी कालेजों, प्रवेश द्वारों व रिहायशी क्षेत्रों से रैली भी निकाली गई, जिसे छात्र कल्याण निदेशक डा. अतुल ढींगड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. नीरज ने छात्रों व स्वयंसेवकों को संबोधित कर रैगिंग के गंभीर परिणामों व इससे होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 19.8.23 | 10 | 3-5 |

# रैगिंग नहीं करने की छात्रों ने ली शपथ

- हकृवि में 7 दिवसीय एंटी रैगिंग सप्ताह कार्यक्रम का समापन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में शुक्रवार को 7 दिवसीय एंटी रैगिंग सप्ताह कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षण संस्थानों में रैगिंग के दुष्प्रभावों से मुक्त एक सुरक्षित व सम्मानजनक परिसर वातावरण को बढ़ावा देना रहा।

उधर, कृषि महाविद्यालय के प्रांगण में भी एंटी रैगिंग कमेटी व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त सहयोग से छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाने और एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए आकर्षक गतिविधियों और सूचनात्मक सत्रों की एक श्रृंखला भी आयोजित की, जिसमें उपस्थित विद्यार्थियों व स्वयंसेवकों को रैगिंग न करने की शपथ दिलाई गई। इसके बाद कृषि महाविद्यालय के प्रांगण से लेकर प्रशासनिक खंड-फ्लैचर भवन, सभी कॉलेजों, प्रवेश द्वारों व रिहायशी क्षेत्रों से रैली भी निकाली गई, जिसे छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल स्वयंसेवकों व विद्यार्थियों ने शिक्षण संस्थानों में रैगिंग न करने के प्रति जागरूक किया। मौके पर मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार, सह-छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, सह-छात्र कल्याण निदेशक (काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट) डॉ. सुबोध अग्रवाल, राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह व डॉ. चंद्रशेखर आदि मौजूद थे।



हिसार। जागरूकता रैली में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 19.8.23 | 5 | 4-5 |



जागरूकता रैली में भाग ले रहे विद्यार्थी।

# हकृवि में एंटी रैगिंग सप्ताह कार्यक्रम संपन्न

हिसार, 18 अगस्त (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में आज 7 दिवसीय एंटी रैगिग सप्ताह कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षण संस्थानों में रैगिंग के दुष्प्रभावों से मुक्त एक सुरक्षित व सम्मानजनक परिसर वातावरण को बढ़ावा देना रहा। उधर कृषि महाविद्यालय के प्रांगण में भी एंटी रैगिंग कमेटी व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त सहयोग से छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाने और एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए आकर्षक गतिविधियों और सूचनात्मक सत्रों की एक श्रृंखला भी आयोजित की, जिसमें उपस्थित विद्यार्थियों व स्वयंसेवकों को रैगिंग न करने की शपथ दिलाई गई। इसके बाद कृषि महाविद्यालय के प्रांगण से लेकर प्रशासनिक खंड-फ्लैचर भवन, सभी कॉलेजों, प्रवेश द्वारों व रिहायशी क्षेत्रों से रैली भी निकाली गई, जिसे छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल स्वयंसेवकों व विद्यार्थियों ने शिक्षण संस्थानों में रैगिंग न करने के प्रति जागरूक किया। इस सात दिवसीय एंटी रैगिंग सप्ताह कार्यक्रम के तहत मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में निंबध लेखन, नारा लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय व मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी रचनात्मकता व लेखन कौशल का प्रदर्शन कर रैंगिन न करने के लिए प्रेरित किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 19.8.23 | 4 | 1-2 |

## एंटी रैगिंग सप्ताह के तहत निकाली जागरूकता रैली

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में 7 दिवसीय एंटी रैंगिग सप्ताह कार्यक्रम का समापन हुआ। कृषि महाविद्यालय के प्रांगण में एंटी रैगिंग कमेटी व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विद्यार्थियों को रैगिंग न करने की शपथ दिलाई। कृषि महाविद्यालय के प्रांगण से लेकर प्रशासनिक खंड-फ्लैचर भवन तक जागरूकता रैली निकाली गई। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 50 विद्यार्थियों ने पोस्टर के जरिये रैंगिग न करने के लिए संदेश दिया। इस मौके पर डॉ. नीरज कुमार, डॉ. सुशील लेगा, डॉ. संदीप आर्य रहे। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय


| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 19-08-2023 | 1 | 2-8 |


**हरियाली तीज आज** • सिटी में तीन एरिया में 70 प्रतिशत वन, सबसे अधिक हरियाली जीएलएफ लैंड, एचएयू और जीजेयू कैंपस में

# पहली बार जिले में पेड़ों की गिनती, करीब साढ़े 17 लाख आबादी पर 32 लाख पेड़

हिसार | वन विभाग ने पहली बार पेड़ों की भी सेंसस की तर्ज पर गणना की है। इसमें हिसार जिले में सार्वजनिक स्थानों, घरों और खेतों सहित सभी की काउंटिंग कर 32 लाख पेड़ मिले हैं। जिले की आबादी (करीब साढ़े 17 लाख) के लगभग दोगुणा पेड़ मिले हैं। हिसार डीएफओ पवन ग्रोवर बताते हैं कि अगर क्षेत्रफल के हिसाब से बात करें तो हिसार जिले का 3,983 वर्ग किमी क्षेत्रफल है जिसमें से अब 3.6 प्रतिशत हिस्से पर हरियाली है। हालांकि पिछले कुछ सालों में यह बढ़ी है। सिटी एरिया की बात करें तो यहां भी हरियाली कुछ बढ़ी है। पहले 0.65 प्रतिशत थी जो अब बढ़कर 0.71 प्रतिशत हो गई है। अगर सिटी की बात करें तो शहर के दो मुख्य एरिया ऐसे हैं जहां 70 प्रतिशत वन है। इनमें सबसे अधिक वन क्षेत्र जीएलएफ लैंड पर है। इसके बाद एचएयू व तीसरा एरिया जीजेयू का है। बाकी पूरा शहर 30 प्रतिशत वन क्षेत्र में सिमट जाता है।

*कंटेंट : राजेश सैनी, फोटो : रॉकी कुमार*



**07** किलोग्राम के करीब प्रति व्यक्ति रोज ऑक्सीजन की आवश्यकता

**2.5** टन ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है प्रति व्यक्ति सालाना

**3** से 4 किलोग्राम प्रतिदिन ऑक्सीजन छोड़ता है एक बड़ा पेड़

**1.5** टन कुल ऑक्सीजन छोड़ता है प्रतिवर्ष एक बड़ा पेड़

**24** से 28 कि.ग्रा. ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है चार व्यक्तियों के परिवार को प्रतिदिन

**08** से 10 टन वर्षभर कुल ऑक्सीजन चाहिए चार व्यक्तियों के परिवार को

## समझिए... जहां ज्यादा पेड़, वहां गर्मी और पॉल्यूशन कम

बता दें कि जहां वन क्षेत्र की अधिकता है वहां तापमान भी कम रहता है। यानी कि गर्मी कम है। इसका उदाहरण एचएयू है। एचएयू की कृषि मौसम वेधशाला में हर दिन आने वाले आंकड़े बता रहे हैं। एचएयू की वेधशाला के रिकॉर्ड के अनुसार इस एरिया का अधिकतम व न्यूनतम तापमान में 1 डिग्री व कई बार 2 डिग्री तक का अंतर मिलता है। जबकि आईएमडी का नेशनल हाईवे 9 की वेधशाला से लिए गया तापमान हमेशा ज्यादा मिलता है। इसका कारण यह है कि वहां हरियाली कम है और एचएयू में हरियाली की वजह से ऐसा है। हिसार की बात करें तो गर्मी में कई बार यहां तापमान 47 डिग्री को भी पार कर जाता है। कई बार हिसार में इतना पॉल्यूशन बढ़ जाता है कि दिल्ली के बराबर पहुंच जाता है। इससे सांस की बीमारियां, त्वचा रोग सहित कई गंभीर बीमारियां हो रही हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 18.08.2023 | -- | -- |

# विद्यार्थियों व स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर लोगों को रैगिंग न करने के लिए किया प्रेरित

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज 7 दिवसीय एंटी रैगिंग सप्ताह कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षण संस्थानों में रैगिंग के दुष्प्रभावों से मुक्त एक सुरक्षित व सम्मानजनक परिसर वातावरण को बढ़ावा देना था। कृषि महाविद्यालय के प्रांगण में भी एंटी रैगिंग कमेटी व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त सहयोग से छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाने और एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए, आकर्षक गतिविधियों और सूचनात्मक सत्रों की एक श्रृंखला भी आयोजित की, जिसमें उपस्थित विद्यार्थियों व स्वयंसेवकों को रैगिंग न करने की शपथ दिलाई गई। इसके बाद कृषि



महाविद्यालय के प्रांगण से लेकर प्रशासनिक खंड-फव्वारा भवन, सभी कॉलेजों, प्रमुख द्वारों व रिहायशी क्षेत्रों से रैली भी निकाली गई, जिसे छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल स्वयंसेवकों व विद्यार्थियों ने शिक्षण संस्थानों में रैगिंग न करने के प्रति जागरूक किया।

इस सात दिवसीय एंटी रैगिंग सप्ताह कार्यक्रम के तहत मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में निबंध लेखन, नारा लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय व मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी रचनात्मकता व लेखन कौशल का प्रदर्शन कर रैगिंग न करने के लिए प्रेरित किया। इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य छात्रों के लिए रैगिंग उन्मुक्त व कॉलेज परिसर के भीतर सकारात्मक माहौल बनाने पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए मंच प्रदान करना था। साथ ही छात्र समुदाय के बीच आपसी सम्मान, सहानुभूति व संस्कृति की समझ को बढ़ावा देना था।

इस अवसर पर डॉ. नीरज कुमार, सह-छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा, डॉ. संदीप आर्य, डॉ. मुकेश अग्रवाल, डॉ. भगत सिंह व डॉ. चंद्रशेखर डागर मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | 18.08.2023 | -- | -- |

## एचएयू में विद्यार्थियों ने रैली निकालकर रैगिंग न करने के लिए किया प्रेरित।

# एचएयू में विद्यार्थियों को रैगिंग न करने की दिलाई शपथ



पांच बजे न्यूज

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में आज 7 दिवसीय एंटी रैगिंग सप्ताह कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षण संस्थानों में रैगिंग के दुष्प्रभावों से मुक्त एवं सुरक्षित व सकारात्मक शैक्षिक वातावरण को बढ़ावा देना रहा।

उधर कृषि महाविद्यालय के प्रांगण में भी एंटी रैगिंग कमेटी व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त सहयोग से छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाने और एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए आकर्षक गतिविधियों और सूचनात्मक वार्ता की एक श्रृंखला भी आयोजित की, जिसमें उपस्थित विद्यार्थियों व स्वयंसेवकों को रैगिंग न करने की शपथ दिलाई गई। इसके बाद कृषि महाविद्यालय के प्रांगण से लेकर प्रशासनिक खंड-परीक्षा भवन, सभी कॉलेजों, प्रमुख हॉस्टलों व विभिन्न क्षेत्रों से रैली भी निकाली गई, जिसे छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल स्वयंसेवकों व विद्यार्थियों ने शिक्षण संस्थानों में रैगिंग न करने के प्रति जागरूक किया।

इस सात दिवसीय एंटी रैगिंग सप्ताह कार्यक्रम के तहत मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में निबंध लेखन, नारा लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई, जिसमें मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय व मानव विज्ञान महाविद्यालय के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी रचनात्मकता व लेखन कौशल का प्रदर्शन कर रैगिंग न करने के लिए प्रेरित किया। इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य छात्रों के लिए रैगिंग उन्मूलन व कॉलेज परिसर के भीतर सकारात्मक माहौल बनाने पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए मंच प्रदान करना था। साथ ही छात्र समुदाय के बीच आपसी सम्मान, सहानुभूति व संस्कृति की भावना को बढ़ावा देना रहा।

मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने उपस्थित छात्रों व स्वयंसेवकों को संबोधित कर रैगिंग के गंभीर परिणामों व इससे होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला ताकि छात्रों को रैगिंग से होने वाले भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक व शारीरिक नुकसान से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन ऐसा वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां विद्यार्थियों को बिना किसी भय के अपनी शिक्षा प्राप्त करने का माहौल मिल सके।

इस अवसर पर सह-छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा, मौलिक एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, सह-छात्र कल्याण निदेशक (कल्चरल एवं स्पोर्ट्स) डॉ. मुकेश अग्रवाल, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. भगत सिंह व डॉ. चंद्रशेखर डागर सहित शिक्षाविद् और कर्मचारी मौजूद रहे।